ट्रेन में लूट के आरोप में दो अरेस्ट

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। दक्षिण पूर्व जिले की थाना अमर कालोनी पुलिस ने ओखला स्टेशन पर एक सैनिक को लूटने के आरोप में दो बदमाशों को अरेस्ट किया है। इनकी पहचान दानिश और दीपक के रूप में हुई है। पुलिस ने इनके पास से एक पिस्टल, दो कारतूस, 6 मोबाइल सेना की आईडी कार्ड और दो आधार कार्ड बरामद किए हैं।

पुलिस की गिरफ्त में आरोपी और उनसे बरामद सामान।

दक्षिण पूर्व जिले के डीसीपी चिन्मय बिश्वाल द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 7 मार्च 2018 की शाम को लगभग 8.30 पर आरोपी ओखला मंडी के पास धीमी गति से जा रही एक ट्रेन पर चढ़े और मोबाइल से बात कर रहे एक शख्स का मोबाइल छीनकर चलती ट्रेन से कूद गए। यह देखकर पीड़ित भी उनके पीछे भागा। कुछ दूर जाने के बाद उन्होंने पीड़ित को घेर लिया और उसकी जेब से पर्स निकाल लिया जिसमें उसका सेना का आईडी कार्ड, दो आधार कार्ड और 1300 रुपए कैश थे। आरोपियों को पकड़ने के लिए एसीपी न्यू फ्रेंड्स कालोनी जगदीश यादव के सुपरविजन और एसएचओ अमर कालोनी उदयबीर सिंह और चौकी इंचार्ज श्रीनिवासपुरी आरएस डागर के नेतृत्व में एसआई राकेश कुमार हैड कांस्टेबल धर्मेन्द्र कांस्टेबल संदीप और दिनेश की एक टीम गठित की गई जिसने पहले दानिश को ओखला मंडी के पास ट्रेप लगाकर पकड़ लिया। उसके पास से एक पिस्टल, सेना की आईडी कार्ड और आधार कार्ड बरामद हुआ। बाद में उससे पूछताछ के आधार पर पुलिस ने दीपक को भी अरेस्ट कर लिया। पुलिस ने उसके पास से 6 मोबाइल बरामद किए।

वाहन चोर पकड़ा, तीन कारें बरामद

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। नई दिल्ली जिले की थाना तुगलक रोड पुलिस ने वाहन चोरी के आरोप में एक युवक को अरेस्ट किया है। इसकी पहचान साहिद उर्फ निसार उर्फ आसिफ के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से चोरी की तीन कारें बरामद की हैं। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 17 मार्च 2018 को इंडिया इस्लामिक सेंटर से एक होंडा सिटी कार चोरी कर ली गई थी। मामला दर्ज करने के बाद जब आईओ एसआई सुनील कुमार के आसपास की सीसीटीवी फुटेज खंगाली तो पता चला कि वाहन चोर एक दूसरी होंडा सिटी में कार चोरी करने आया था। आरोपी को अरेस्ट करने के लिए डीसीपी नई दिल्ली जिला और एसीपी चाणक्यपुरी के सुपरविजन में एसएचओ तुगलक रोड दलीप कुमार, एसआई सुनील कुमार, योगेन्द्र कुमार, हैड कांस्टेबल अजीत और कांस्टेबल प्रदीप की एक टीम गठित की गई जिसने आरोपी को ट्रेप लगाकर अरेस्ट कर लिया।

खाप पंचायत से जान का खतरा हाई कोर्ट ने दिया सुरक्षा का निर्देश

विधि संवाददाता

नई दिल्ली। दो अलग-अलग जातियों से संबंध रखने वाले एक शादीशुदा जोड़े पर दो बार हुए हमले को देखते हुए दिल्ली हाई कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को उन्हें सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया है। उल्लेखनीय है कि याचिकाकर्ता ने इन कथित हमलों का आरोप खाप पंचायत पर लगाते हुए हाई कोर्ट के सामने अपनी और अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाई थी।

हाई कोर्ट में पेश याचिका के अनुसार गाजियाबाद के जाट समुदाय से ताल्लुक रखने वाली दीपा सिंह और लखनऊ के राजपूत जाति के अजय कुमार सिंह आपस में प्यार करते थे। लेकिन यह बात दीपा के परिवार, पिता और खाप पंचायत को मंजूर नहीं थी। वह उस पर अपनी जाति के लड़के से शादी के लिए दबाव डालने लगे। ऐसे में दीपा और अजय ने बिना किसी को बताए 29 मई 2012 को गाजियाबाद के रजिस्ट्रार आफिस में जाकर कोर्ट मैरिज कर ली। शादी के बाद अजय पढ़ाई के लिए अमेरिका चले गए और दीपा अपनी पढ़ाई पूरी करने के लिए अपने मां-बाप के घर गाजियाबाद ही रहने लगी। 2014 में दीपा डिपेंडेंट वीजा पर अमेरिका चली गई। जब इस बारे में उसके परिवार और खाप पंचायत को पता चला तो उन्होंने विरोध करते हुए दीपा को जान से मारने की धमकी दी। इसी बीच अमेरिका में दीपा के बेटे आरव का जन्म हुआ। मार्च 2017 में दीपा अपने पति अजय और पुत्र आरब के साथ भारत वापस लौट आई। अजय बंगलौर में काम करने लगे। कुछ समय बाद दीपा और अजय ने सोचा कि उनकी शादी के इतने साल बीत जाने के बाद अब सब कुछ सामान्य हो गया होगा। यही सोचकर वह कानपुर घूमने गए। जहां 9 मार्च 2018 को दो अंजान लोगों ने दीपा और उसके पति पर हमला करते हुए धमकाया। पीड़ितों ने इसकी शिकायत पुलिस को भी की। इसके बाद दीपा और अजय दिल्ली आ गए जहां कुछ अंजान लोगों ने महिपालपुर, शिव मंदिर के पास 15 मार्च 2018 की रात को दीपा पर एक बार फिर हमला किया।

दीपा ने इसका आरोप खाप पंचायत पर लगाते हुए स्थानीय पुलिस थाने में इस घटना की शिकायत की। इसके बाद हाई कोर्ट में अपनी व अपने परिवार की सुरक्षा की गुहार लगाते हुए पुलिस सुरक्षा प्रदान करने की मांग की। उनके एडवोकेट पंकज मेहता व प्रमोद कालीराणा ने बताया कि दिल्ली हाई कोर्ट की जस्टिस एसपी गर्ग की एकल बेंच ने दीपा उसके पति व पुत्र को तुरन्त प्रभाव से सुरक्षा प्रदान करने के लिए दिल्ली पुलिस को निर्देश दिए हैं।

कुख्यात हथियार सप्लायर अरेस्ट, 17 पिस्टल बरामद

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। स्पेशल सेल सदर्न रेंज की टीम ने अवैध हथियारों की सप्लाई करने वाले एक कुख्यात सप्लायर को अरेस्ट किया है। इसकी पहचान मथुरा, उत्तर प्रदेश निवासी खाजान सिंह के रूप में हुई है। पुलिस ने इसके पास से 17 पिस्टल और दस मैगजीन बरामद की है।

डीसीपी स्पेशल सेल पीएस कुशवाह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार स्पेशल सेल की एक टीम अवैध हथियारों की सप्लाई करने वालों की जानकारी जुटा रही थी। लगभग दो महीने की मेहनत के बाद 25 मार्च 2018 को इंस्पेक्टर शिव कुमार को एक इनपुट मिला जिससे पता चला कि खंडवा, मध्यप्रदेश से अवैध हथियार खरीदकर दिल्ली-एनसीआर में सप्लाई करने वाला खाजान सिंह अवैध हथियारों की एक खेप लेकर दिल्ली में आश्रम चौक के पास आएगा। इस इनपुट के आधार पर कार्रवाई करने के लिए एक टीम गठित की गई जिसने आश्रम चौक के पास ट्रेप लगाकर आरोपी को अरेस्ट कर लिया। उसके बैग की तलाशी लेने पर 17 अवैध पिस्टल और 10 मैगजान बरामद हुईं।

पूछताछ के दौरान आरोपी ने खुलासा किया कि वह पिछले दो सालों में दिल्ली और उसके पड़ौसी राज्यों में 700 से भी ज्यादा अवैध हथियारों की सप्लाई कर चुका है। उसने बताया कि व एक पिस्टल को दस हजार रुपए में खरीदता है और अपराधियों को 20 से 25 हजार रुपए तक बेचता है।

होम क्रेडिट इंडिया ने लकी ड्रा प्रतियोगिता के विजेताओं की घोषणा की

वीर अर्जुन संवाददाता

गुरुग्राम/नई दिल्ली,। भारत की सबसे तेजी से बढ. रही गैर बैंकिंग फाइनेंस कंपनियों में से एक होम क्रेडिट इंडिया प्राइवेट लिमिटेड ने अपने ग्राहकों के लिए एक अनूठी एवं अपनी तरह की पहली लकी ड्रा प्रतियोगिता के विजेताओं की घोशणा आज की। समय पर समान मासिक किस्तों (ईएमआई) का भुगतान करने की आदत अपने ग्राहकों में डालने के उद्देष्य से आयोजित इस प्रतियोगिता में देषभर से होम क्रेडिट के ग्राहकों ने बढ. चढक़र हिस्सा लिया।

पंजाब में मोगा से लेकर तमिलनाडु के मदुरै और गुजरात के भरूच से लेकर पूर्व में कोलकाता तक देषभर में 77 षहरों से इस प्रतियोगिता में 33 लाख ग्राहकों ने हिस्सा लिया। इस प्रतियोगिता के लिए पात्र होने हेतु यह आवष्यक था कि होम क्रेडिट से ग्राहकों का कम से कम एक लोन 15 नवंबर, 2017 से 31 दिसंबर, 2017 तक चलता रहा हो।

इस प्रतियोगिता के अंतर्गत ग्राहकों को मोबाइल फोन, वाषिंग मषीनें और होम थिएटर सिस्टम जैसे कुछ षानदार पुरस्कारों को जीतने की पेषकष की गई। इसमें पांच मोटरसाइकिलें ईनाम के तौर पर जीतने का मौका भी दिया गया। दो महीने की व्यस्ततम गतिविधि के बाद लकी ड्रा के जरिये 236 ग्राहकों को चुना गया। पुरस्कार के तीन वर्गों- वाषिंग मषीन, मोबाइल फोन और होम थिएटर्स में से प्रत्येक में 77 विजेताओं की घोशणा की गई। वहीं पांच मोटरसाइकिल विजेता औरंगाबाद, जमषेदपुर, जयपुर, ग्वालियर और अहमदाबाद से रहे। इस प्रतियोगिता के बारे में होम क्रेडिट इंडिया के मुख्य विपणन अधिकारी टॉमस हर्डलिका ने कहा, ष्एक जिम्मेदारी भरी उधारी संस्कृति का निर्माण करने और उसके लिए लोगों को प्रोत्साहित करने की दिषा में यह लकी ड्रा होम क्रेडिट द्वारा एक अन्य अनूठी पहल थी। इस प्रतियोगिता से हमें न केवल हमारे ग्राहकों से एक मजबूत रिष्ता बनाने में मदद मिली, बल्कि हम लोगों को इस बात के लिए जागरूक भी कर सके कि जिम्मेदारी भरी उधारी कुल मिलाकर ऋण का पुनर्भुगतान करते समय पारदर्षी प्रक्रिया और सर्वोत्तम व्यवस्था के बारे में है।

हम इस प्रतियोगिता का हिस्सा बनने के लिए अपने ग्राहकों के आभारी हैं। आगे चलकर, हमारा प्रयास यह सुनिष्चित करना होगा कि हमारे ग्राहक समय पर भुगतान करें जिससे वे अपना एक अच्छा क्रेडिट स्कोर बना सकें और इसके बल पर उन्हें भविश्य में और बेहतर वित्त विकल्प हासिल करने का अवसर मिल सके।भारत और वैष्विक स्तर पर एक जिम्मेदारी ऋण प्रदाता के तौर पर होम क्रेडिट पारदर्षी प्रक्रिया व्यवस्था स्थापित करने का लक्ष्य लेकर चलती रही है जिससे उधार सामान लेने वाले ग्राहक बिना किसी दिक्कत के अपने ऋणों का समय पर भुगतान कर सकें। फरवरी में, आईआईएम, लखनऊ और फाइनेंषियल प्लानिंग स्टैंडड्र्स बोर्ड इंडिया ने संयुक्त रूप से भारत में जिम्मेदारी भरी उधारी के लिए मानक तय करने के प्रयास किए जिसके उन्होंने प्रमुख मानदंडों की पहचान की और उद्योग वार संस्थागत मैट्रिक्स तैयार किया। साथ ही इन संस्थानों ने स्व नियमन के लिए टूल तैयार किए जिससे जिम्मेदारी भरी उधारी व्यवस्था को परिभाशित किया जा सके।

स्पेशल सेल ने इनामी अपराधी तारीफ को अरेस्ट किया

वीर अर्जुन संवाददाता

नई दिल्ली। स्पेशल सेल की टीम ने एक कुख्यात अपराधी को अरेस्ट किया है। इसकी पहचान तारीफ के रूप में हुई है। तारीफ दिल्ली, उत्तर प्रदेश और मुंबई में दर्ज कई आपराधिक मामलों में शामिल रहा है। दिल्ली पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी पर 50 हजार रुपए का इनाम घोषित किया था जबकि उत्तर प्रदेश पुलिस ने भी डकैती के एक मामले में उसकी गिरफ्तारी पर 25 हजार का इनाम घोषित किया था।डीसीपी स्पेशल सेल पीएस कुशवाह द्वारा दी गई जानकारी के अनुसार 26 मार्च को एसआई आदित्या और हैड कांस्टेबल उमरदीन को एक इनपुट मिला जिससे पता चला कि तारीफ हरियाणा के नूंह की एक कालोनी में छिपा हुआ है। यह जानकारी मिलते ही स्पेशल सेल की एक टीम तुरन्त नूंह पहुंची गई। वहां पहुंचकर उसे पता चला कि तारीफ किसी से मिलने नूंह के तिरंगा पार्क में आएगा। इस इनपुट के आधार पर स्पेशल सेल की टीम ने तिरंगा पार्क में ट्रेप लगाकर आरोपी को अरेस्ट कर लिया।

किशोरी से बलात्कार के तीन आरोपी गिफ्तार

नोएडा, (वीअ)। किशोरी को अगवा करके कथित रूप से बलात्कार करने वाले तीन लोगों को पुलिस ने आज गिरफ्तार किया। थाना प्रभारी पंकज पंत ने बताया कि पुलिस ने रोशन, दिलखुश एवं प्रभात को गिरफ्तार कर लिया। तीनों को अदालत में पेश किया जहां से उन्हें 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि किशोरी का डॉक्टरी परीक्षण कराया गया जिसमें बलात्कार की पुष्टि हुई है।उन्होंने बताया कि बरौला गांव में रहने वाली 13 वर्षीय किशोरी को रोशन, दिलखुश एवं प्रभात सोमवार की रात को अगवा कर लिया था।उन्होंने बताया कि रोशन ने बलात्कार किया था जबकि दिलखुश एवं प्रभात ने उसका सहयोग किया था।

धोखाधड़ी में 24 साल चली सुनवाई के बाद बैंक प्रबंधक दोषी करार

नई दिल्ली, (भाषा)। विशेष अदालत ने कर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में24 साल चली सुनवाई के बाद पंजाब नेशनल बैंक(पीएनबी) के पूर्व प्रबंधक और तीन निजी व्यक्तियों को पांच साल सश्रम कारावास की सजा सुनाई है। सीबीआई के एक अधिकारी ने आज यह कहा। तीस हजारी अदालत ने अपने हाल केइस आदेश में एक लाख रुपये से लेकर5 लाख रुपये तक का जुर्मानाभी लगाया है।

यह जुर्माना पीएनबी के पूर्व प्रबंधक चरणजीत अरोड़ा के अलावा सुशील कुमार गुप्ता, नरेंद्र कुमार गुप्ता तथा मनोज कुमार गुप्ता पर लगाया गया है। मामला1992 में दर्ज किया गया था। उस समय पीएनबी में अरोड़ा प्रबंधक थे। सीबीआई प्रवक्ता आर के गौर ने कहा कि जांच एजेंसी को पंकज फाइनेंस एंड लीजिंग लि. (पीएफएलएल) तथा अरोड़ा एवं अन्य आरोपियों के बीच आपस में आपराधरिक साजिश रचने की शिकायत मिली थी।

उसके बाद यह मामला दर्ज किया गया था। जांच एजेंसी ने1994 में सीबीआई की विशेष अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया था। मामला उस समय से चल रहा था। सीबीआई ने जांच के दौरान पाया कि आरोपी ने2 करोड़ रुपये का कर्ज न्यू बैंक आफ इंडिया की कनाट प्लेस शाखा तथा25 लाख रुपये कारपोरेशन बैंक की करोल बाग शाखा से लिये।

प्रवक्ता के अनुसार, कंपनी ने23.94 लाख रुपये का कर्ज फर्जी दस्तावेज से प्राप्त किये। साथ ही कर्ज का कुछ हिस्सा सात वाहनों के लिये बतौर अग्रिम राशि भुगतान में दिखाया गया जबकि कारपोरेशन बैंक पहले ही इसका वित्त पोषण कर चुका था ....। अदालत ने मामले में बैंक के दोपूर्व अधिकारियों को बरी कर दिया और एक व्यक्ति की सुनवाई के दौरान मृत्यु हो गयी।

हरियाणा रोडवेज ज्वाईंट एक्शन कमेटी ने बस स्टैंड पर किया विरोध प्रदर्शन

रोहतक ,(वीअ)। हरियाणा रोडवेज ज्वाईंट एक्शन कमेटी के आठान पर सरकार द्वारा 28 दिस बर 2017 को घोषित हड़ताल से पूर्व 27 दिस बर को मानी गई 16 मांगों को लागू न करने के विरोध में स्थानीय बस स्टैंड पर दो घंटे का जोरदार विरोध प्रदर्शन किया गया। इस प्रदर्शन की अध्यक्षता हरियाणा रोडवेज संयुक्त कर्मचारी संघ के डिपो प्रधान धर्म सिंह, इंटक के डिपो प्रधान सोमेश कुंडू और मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के डिपो प्रधान नरेश नांदल ने संयुक्त रूप से की। विरोध प्रदर्शन में मिनिस्ट्रीयल स्टाफ के राज्य प्रधान जयभगवान कादियान व संयुक्त कर्मचारी संघ के राज्य मु य संगठन सचिव कृष्ण सुहाग विशेष तौर पर उपस्थित रहे। कृष्ण सुहाग ने कहा कि 27 दिस बर को सरकार से बातचीत में 16 मांगों पर सहमति बनी थी और सरकार ने दो महीने में पूरा करने का आश्वासन दिया था लेकिन सरकार अपनी मांगों को लागू नहीं कर रही। जिससे कर्मचारियों में रोष है। उन्होंने बताया कि मु य मांगों में परिवहन नीति 2016-17 को तुरन्त रद्द करना, नई तबादला नीति रद्द करना, नई बसें बेड़े में शामिल करना, 1992-2002 तक के कर्मचारियों को नियुक्ति तिथि से पक्का करना, बोनस की स्थाई नीति बनाना, एलटीसी 2012-15 की अदायगी तुरंत करना, आऊटसोर्सिंग की भर्ती पर तुरंक रोक लगाकर स्थाई भर्ती करना, कर्मशाला में लगे दादरी डिपो के कर्मशाला कर्मचारियों की तुरंत बहाली करना, 2016 में लगे चालकों का वेतन बढ़ाना ।

नोएडा की छात्रा के आत्महत्या मामले की सीबीआई जांच के लिये याचिका पर न्यायालय करेगा विचार

नई दिल्ली, (भाषा)। उच्चतम न्यायालय पूर्वी दिल्ली के एक स्कूल की नौवीं कक्षा की16 वर्षीय छात्रा द्वारा20 मार्च को नोएडा स्थित अपने घर में आत्महत्या करने के मामले की सीबीआई जांच के लिये दायर यचिका पर विचार करने पर आज सहमत हो गया।

इस छात्रा के पिता के अनुसार स्कुल के कुछ शिक्षकों और अधिकारियों द्वारा कथित रूप से उसकायौन शोषण, उत्पीड़न और परेशान किये जाने की वजह से उसने यह कदम उठाया।

प्रधान न्यायाधीश दीपक मिश्रा, न्यायमूर्ति ए एम खानविलकर और न्यायमूर्ति धनन्जय वाई चन्द्रचूड की तीन सदस्यीय खंडपीठ के समक्ष पिता की इस याचिका का उल्लेख करते हुये शीघ्र सुनवाई का अनुरोध किया गया। पीठ इस मामले में अगले सप्ताह सुनवाई के लिये सहमत हो गई।

अधिवक्ता सुशील टेकरीवाल के माध्यम से दायर याचिका में पिता नेआरोप लगाया कि उप्र पुलिस ने समूची जांच खराबकी और दबा दी है। याचिका में केन्द्र, उप्र सरकार और सीबीआई को छात्रा के परिवार के सदस्यों की सुरक्षा और संरक्षा सुनिश्चित करने का निर्देश देने का भी अनुरोध किया गया है।

छात्रा के पिता के अनुसार उनकी बेटी दिल्ली स्थिति एक स्कूल में नौवीं कक्षा में पढ़ती थी और उसे जानबूझ कर विज्ञान तथा सामाजिक विज्ञान विषयों में अनुत्तीर्ण कर दिया जिसकी वजह से उसने आत्महत्या करने जैसा कदम उठाया।

अपनी याचिका में उन्होंने कहा है कि चूंकि यह स्कूल दिल्ली में स्थित है और वह नोएडा में रहते हैं, इसलिए दोनों राज्यों की पुलिस के अधिकार क्षेत्र की बाध्यताओं को ध्यान में रखते हुये शीर्ष अदालत की शरण ली है।

पिता, जिन्होंने खुद को एक प्रख्यात कथक नर्तक बताया , का आरोप है कि उनके पुत्र ने भी इसी स्कूल में पढ़ाई की थी और उसे भी कुछ शिक्षकों ने इस वजह से प्रताड़ित किया था कि वह पढ़ाई की बजाये कला प्रदर्शन में अच्छा था।

रोहिणी में डीसीपी परिसर के अंदर कमरे में आग लगी

नई दिल्ली,(वीअ)। पुलिस उपायुक्त, रोहिणी के परिसर के अंदर आज एक कमरे में आग लग गई। दिल्ली अग्निशमन सेवाओं के एक अधिकारी ने बताया कि सुबह साढ़े छह बजे आग लगने की सूचना मिली और दमकल की तीन गाडिय़ां घटनास्थल के लिए रवाना हुईं। सुबह छह बजकर55 मिनट तक आग पर काबू पा लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि कार्यालय परिसर के दूसरे तल पर एक कमरेमें मामूली रूप से आग लगी थी।

नोएडा से 50 हजार का इनामी नक्सली गिरफ्तार

नोएडा, (वीअ)। उत्तर प्रदेश में नोएडा के हरौला गांव में कल देर रात पुलिस ने छापा मारकर 50 हजार के इनामी नक्सली कमान्डर को गिरफ्तार कर लिया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (गौतमबुद्धनगर) डॉ. अजय पाल शर्मा ने बताया कि कल रात सूचना मिली कि बिहार के मुजफ्फरपुर के गांव मोहब्बतपुर का रहने वाला 50 हजार रूपये का इनामी नक्सली सुधीर कुमार नोएडा में छिपा है। उन्होंने बताया कि सूचना के आधार पर भारी पुलिस बल के साथ हरौला गांव में छापा मारा और नक्सली सुधीर को गिरफ्तार किया। पकड़ा गया आरोपी नोएडा में फर्जी नाम पते पर रह रहा था। उसने एक फर्जी आधार कार्ड बनवाया है जिसमें उसने अपना नाम लोहा सिंह उर्फ आदित्य कुमार लिखवाया है।

बताया कि इसके पास से एक 32 बोर की पिस्टल, अवैध हथियार भी बरामद किया गया है। पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि पकड़ा गया आरोपी वर्ष 2007 से नक्सलवाद से जुड़ा है।

बालाजी धाम डोभ पर हनुमान जयंती महोत्सव मनेगा धूमधाम से

रोहतक,(वीअ)। हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी 31 मार्च शनिवार को पूर्णमासी के दिन व हनुमान जयंती पर डोभ धाम स्थित श्री बालाजी मंदिर पर विशाल जागरण, भंडारा एवं भक्त मेला व निशुल्क स पूर्ण स्वास्थ्य जांच शिविर व पैदल यात्रा का आयोजन धूमधाम से होगा। श्री बाला जी सेवा मंडल के प्रधान एवं डोभ धाम के संस्थापक पुरूषोत्तम दास बंसल ने यह जानकारी देते हुए बताया कि इस दिन सुन्दर कांड का पाठ हवन-यज्ञ के साथ-साथ 108 बार हनुमान चालीसा के पाठ भी आयोजित किया जायेगा। जिसमें मु य अतिथि के तौर पर सहकारिता मंत्री मनीष ग्रोवर, वरिष्ठ यज्ञमान के तौर पर प्रसिद्ध समाजसेवी मनमोहन गोयल, राजकमल सहगल, जिला परिषद् के अध्यक्ष बलराज कुंडू, विजेन्द्र वर्मा, सीए सुरेश सिंगला, पुरूषोत्तम सिंगला, राजेश ठेकेदार, महामंडलेश्वर बाबा कपिल पुरी महाराज, महामंडलेश्वर परमानंद जी महाराज, बाबा कर्णपुरी जी महाराज व हरिद्वार से सुरेशानंद महाराज उपस्थित होंगे।प्रधान ने बताया कि निशुल्क जांच शिविर का आयोजन श्रीमद् जगत गुरू शंकराचार्य स्वामी विश्वदेवानंद तीर्थ धर्मार्थ ट्रस्ट के सौजन्य से डॉ. गोपाल कृष्ण की अगुवाई में आयोजित होगा। बाला जी महाराज के भजनों का गुणगान करने के लिए शान-ए-हरियाणा श्रीभगवान दीक्षित सोनीपत, गन्नौर से डॉ. चैन सिंह चंचल, बहादुरगढ़ से बेबी मुस्कान अग्रवाल बाबा के सुन्दर भजनों का गुणगान करेंगे। झांकी सम्राट रिंकू महादेव ग्रुप द्वारा सुन्दर व सजीव झांकियों का चित्रण किया जायेगा। मंच संचालन विनोद गुप्ता करेंगे।

प्रधान ने आगे जानकारी देते हुए बताया कि शहर के प्रमुख चौक-चौराहों से शोभा यात्रा निकाली जायेगी। जिसमें जनता के मिलन पार्क, सुनारियां चौक, जवाहर नगर, इन्द्रा कालोनी, गौड स्कूल के पास, भिवानी स्टैंड, रेलवे स्टेशन, डीएवी चौक कलानौर, आंवल गांव से, बनियानी गांव से, बापडौदा गांव से, जनता कालोनी से, एकता कॉलोनी, कन्हेली रोड़, गोहाना अड्डा, माता दरवाज, बजरंग भवन, शांत मई चौक, आर्य नगर, मॉडल टाऊन, प्रेम नगर चौक, जीन्द बाईपास चौक, झज्जर चुंगी, जींद बाईपास चौक आदि से शोभायात्राएं निकाली जायेंगी। जिनमें श्रद्धालु पैदल चलकर डोभ धाम तक पहुंचेंगे। उन्होंने बताया कि कार्यक्रम की सभी आवश्यक तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। इस अवसर पर अमित सैनी, विनोद गुप्ता, रमेश गुप्ता, सुनील बल्ली, संजय सैनी, सुरेश सिंगला, लोकेश जैन, सोनू दहिया, सतीश जांगड़ा, ऋतुराज सैनी, सतीश अग्रवाल, सुरेन्द्र अग्रवाल, कन्हैया गुप्ता, श्रीराम गुप्ता, राम अवतार, श्याम गुप्ता, सुनील बिश्नोई, पंडित अरविंद मिश्रा, बजरंग बसंल, मनोज गोयल, सुरेश गर्ग, निधि गर्ग, अनीता गुप्ता, ऊषा बंसल, सुरेन्द्र अग्रवाल, सतीश अग्रवाल, आजाद डोभ, एस.के. गुप्ता, रमेश कुमार, आशू बंसल, गौरव बंसल, दीपू जैन, धर्मपाल रोहिल्ला, तरूण गर्ग आदि का विशेष सहयोग रहेगा।

29अप्रैल को ललकार रैली में कर्मचारी लेगा बढ़चढ़कर भाग

रोहतक ,(वीअ) । सभी विभागों, बोर्डों, निगमों, विश्वविद्यालयों, निदेशालयों व सचिवालय में काम करने वाले मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारियों का सांझा संगठन हरियाणा मिनिस्ट्रीयल स्टाफ एसोसिएशन हमसा स बंधित सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के तत्वावधान में स्थानीय संघ के कार्यालय सुखपुरा चौक पर राज्य स्तरीय बैठक प्रदेशाध्यक्ष महेंद्र प्रताप गुलिया की अध्यक्षता में स पन्न हुई। जिसमें राज्य कार्यकारिणी के समस्त पदाधिकारियों ने शिरकत की। महेंद्र प्रताप गुलिया ने बैठक को स बोधित करते हुए कहा कि भाजपा सरकार चुनावी वायदों को जुमला बताकर अपना पल्ला झाड़ना चाहती है, लेकिन लोकसभा व विधानसभा का चुनाव भी नजदीक है। अगर चुनावी वायदों को लागू नहीं किया गया तो कर्मचारी वोट का इस्तेमाल करते हुए अपनी ताकत का एहसास कराएगा तथा फैसला लिया गया कि सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के आठान पर आगामी 29 अप्रैल को जींद राज्य स्तरीय ललकार रैली में मिनिस्ट्रीयल स्टाफ कर्मचारी भी बढ़चढ़कर भाग लेगा तथा 12 मई को रोहतक में कार्यकर्ता कैंवेंशन कर आंदोलन को तेज किया जाएगा। राज्य स्तरीय बैठक में हरियाणा शिक्षा विभाग कर्मचारी तालमेल कमेटी व ा 21 सूत्रीय मांगपत्र को लेकर शिक्षामंत्री आवास महेंद्रगढ़ पर चल रहे अनिश्चितकालीन आंदोलन का भी समर्थन किया गया तथा कहा कि पंजाब के समान वेतनमान, कच्चे कर्मचारियों को पक्का करने, समान काम समान वेतन, पुरानी पेंशन प्रणाली बहाल करने सहित प्रमुख मांगों को जब तक लागू नहीं किया गया जाएगा आंदोलन जारी रहेगा। इस अवसर पर सर्व कर्मचारी संघ हरियाणा के राज्य अध्यक्ष धर्मबीर फोगाट, सतबीर शर्मा, सतीश सेठी, सुखदेव सिंह, सनीता कालीरामण, शर्मिला हुडडा, अनिल सिंगला, ओम प्रकाश सिंहमार, संदीप सांगवान, महेंद्र सिंह, शीतल दास, आदि मौजूद थे।

हवाई अड्डे को तीन चरणों में एक समेकित उड्डयन हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्ध : राव नरबीर सिंह

रोहतक ,(वीअ) ।प्रदेश के इकलौते हवाई अड्डे हिसार को तीन चरणों में एक समेकित उड्डयन हब के रूप में विकसित करने के लिए प्रतिबद्घ हरियाणा सरकार को केंद्र सरकार की रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस)-उड़ान के तहत मैसर्ज पिनाकले एयरलाइंस जून, 2018 से अपनी सेवाएं उपलब्ध करवाएगी।

यह जानकारी राज्य के नागरिक उड्डयन मंत्री राव नरबीर सिंह की अध्यक्षता में रीजनल कनेक्टिविटी स्कीम (आरसीएस)-उड़ान के तहत हिसार हवाई अड्डे को संचालित करने के स बन्ध में हुई एक समीक्षा बैठक में दी गई।

बैठक में नागरिक उड्डयन विभाग के प्रधान सचिव देवेन्द्र सिंह ने अवगत करवाया कि एक सप्ताह में तीन उड़ान भरने और 18 से 20 सीटों वाले एयरक्रा ट में केंद्र सरकार द्वारा 9 सीटों के पूर्वानुमान पर आरसीएस सीटों पर उपलध्ध करवाए जा रहे व्यवहार्यता अंतर वितापोषण (वीजीएफ) के तहत हवाई टिकट का 80 प्रतिशत खर्च केन्द्र सरकार तथा हरियाणा सरकार 20 प्रतिशत खर्च वहन करेगी जबकि यात्री को लगभग 1450 रुपये अदा करने होंगे। उन्होंने इस बात की भी जानकारी दी कि प्रथम चरण में, आरसीएस- उड़ान के तहत वर्तमान हिसार हवाई अड्डे का दर्जा बढ़ाकर उसे घरेलू हवाई अड्डे के रूप में विकसित किया जाएगा।

दूसरे चरण में, आगामी 18 से 24 महीनों की अवधि के अंदर वर्तमान 4000 फुट की हवाई पट्टी को बढ़ाकर 9000 फुट का किया जाएगा जहां फि सड बेस्ड ऑपरेशनस के लिए एयरलाइनंस तथा ऑपरेट्र्स की सुविधा हेतु अत्याधुनिक नेवीगेशनल सहायता, एमआरओ एयरक्रा ट्स की नाइट लैंडिंग और पार्किंग जैसी सुविधाएं होंगी। उन्होंने कहा कि अंतिम चरण में, एरोट्रोपोलिस विकसित किया जाएगा, जिसमें अंतर्राष्टीय हवाई अड्डे के साथ एरोस्पेस और प्रतिरक्षा विनिर्माण सुविधा तथा वाणिज्य एवं रिहायशी क्षेत्र होगा। उन्होंने इस बात से भी अवगत करवाया कि हवाई पट्टी के रिसर्फेसिंग का कार्य लोक निर्माण विभाग को दिया गया है, जिसकी निविदाएं जारी कर दी गई है और यह साढ़े तीन माह में यह कार्य पूरा होना अपेक्षित है। बैठक में मैसर्ज पिनाकले एयरलाइंस के कैप्टन श्री ट सालू ने आश्वासन दिया कि उनकी क पनी डोनियर हवाई जहाज के साथ हिसार से जून, 2018 में अपनी सेवाएं आर भ करने के प्रति कटिबद्घ है। बैठक में सोहना के विधायक तेजपाल तंवर,आबकारी एवं कराधान विभाग के अतिरिक्त मु य सचिव संजीव कौशल, लोक निर्माण विभाग के अतिरिक्त मु य सचिव आलोक निगम,शहरी स्थानीय विभाग के प्रधान सचिव आनंद मोहन शरण, नागरिक उड्डयन विभाग के निदेशक, अशोक सांगवान, महानिदेशक नागरिक उड्डयन के (सेवानिृवत) निदेशक परिसंचालक अशोक भारद्वाज, भारतीय विमान पतन प्राधिकरण के हवाई अड्डा (सेवानिृवय) निदेशक हरजीत सिंह तूर, ग्रुप कैप्टन (सेवानिवय) ए.एस.गिल अलावा अन्य अधिकारी भी उपस्थित थे।

भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से हुए हरियाणवी लोकनृत्य व लोकगीत

रोहतक,(वीअ) । भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के सहयोग से जोया हरियाणवी कल्चरल ग्रुप द्वारा स्थानीय इन्द्रा कॉलोनी स्थित नवयुग हाई स्कूल के प्रांगण में 45 दिवसीय हरियाणवी लोकनृत्य व लोकगीतों की कार्यशाला का सुन्दर समापन किया गया। कार्यक्रम के मु य अतिथि हरियाणा कला परिषद् के सदस्य शीशपाल चौहान रहे जबकि विशिष्ट अतिथि वार्ड पार्षद श्रीमति सुशीला इन्दौरा व नवयुग स्कूल के प्राचार्य ऋषिराज निनानियां रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता जोया हरियाणवी कल्चरल ग्रुप के अध्यक्ष नरेश कुंडू ने की।

इस अवसर पर प्रशिक्षित युवा लोक कलाकारों द्वारा पनिहारी व घूमर लोकनृत्यों को दर्शकों ने खूब सराहा। नन्हे कलाकार योगेश ने 'घड़ी ना बीती ना पल गुजरें' देशभक्ति रागनी गाकर जहां दर्शकों की आंखें नम कर दी वहीं युवा लोक कलाकार रवि पोस्ला ने 'कह कै न उल्टा नहीं हटूंगा' रागनी गाकर दर्शकों की खूब तालियां बटोरी। कार्यक्रम निर्देशक नरेश कुंडू ने बताया कि कार्यशाला के दौरान लगभग 30 युवा कलाकारों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया है। उन्होंने बताया कि लोक कलाओं के माहिर विद्वानों द्वारा भी इन कलाकारों को प्रशिक्षण दिलवाया गया है। कार्यक्रम के अध्यक्ष ने भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय के इस आयोजन को सराहनीय बताया। मु य अतिथि शीशपाल चौहान ने कहा कि युवा आज अपनी संस्कृति से दूर होते जा रहे हैं। ऐसे में इस प्रकार की कार्यशालाएं युवाओं को संस्कृति से जोड़े रखने का कार्य करती हैं। इस अवसर पर हरियाणा के बुजुर्ग लोक कलाकारों व बच्चों को स्मृति चिह्न व प्रमाण पत्र देकर स मानित किया गया। इस अवसर पर हरियाणा के प्रमुख कलाकार खां साहब ने प्रशिक्षणार्थियों को पुरस्कार दिया और उन्हें भविष्य में लोक कला से जुड़े रहने का आठान किया। इस अवसर पर मोहित कायत, विक्की, विक्रम, महादेव, मीना, कीर्ति, रजनी, इन्दू, दिव्या, मदन खां, पप्पू रोहणा, ओमप्रकाश, नफे जुलाना आदि ने सुन्दर प्रस्तुतियां दी।